भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

सीईएन संख्या-03/2025 (पैरामेडिकल कोटियाँ)

पैरामेडिकल कोटियाँ के विभिन्न पदों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी)

प्रश्न पत्र, उत्तरों और कुंजियों को देखना; तथा प्रश्नों/विकल्पों/कुंजियों पर, यदि कोई आपत्ति हों, आपत्तियाँ दर्ज करना

सीईएन संख्या 03/2025 (पैरामेडिकल कोटियाँ) के तहत पैरामेडिकल के विभिन्न पदों के लिए सीबीटी, दिनांक 11.03.2026 से 13.03.2026 तक आयोजित किया गया था। सीबीटी में शामिल हुए उम्मीदवारों को उनके **प्रश्न पत्र**, उनके द्वारा दिए गये उत्तर और उत्तर कुंजियाँ देखने की सुविधा देने के लिए, आरआरबी की वेबसाइटों पर एक लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जो नीचे दिए गए समय-सारिणी के अनुसार सक्रिय रहेगा।

उपरोक्त विवरणों को देखने के बाद, प्रश्नों, विकल्पों और उत्तर कुंजियों के संबंध में यदि कोई आपत्तियां हो तो अभ्यर्थी उसे दर्ज कर सकते हैं ; इसके लिए समय-सारिणी, शुल्क और प्रक्रिया नीचे दी गई है:

1. <u>समय तालिका:</u>

क्र.सं.	गतिविधि	तिथि एवं समय
1.	प्रश्न पत्र और उत्तर कुंजियों को देखने की शुरूआत, तथा प्रश्नों, विकल्पों एवं उत्तर कुंजियों के विरूद्ध आपत्तियाँ दर्ज करने और ऑनलाइन शुल्क भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि एवं समय।	21.03.2026
2.	प्रश्न पत्र देखने, आपत्तियां उठाने और भुगतान करने की विंडो समाप्त होने की तिथि एवं समय।	29.03.2026, प्रातः 10:00 बजे।

2. <u>शुल्क:</u>

आपत्ति दर्ज करने के लिए निर्धारित शुल्क 50/- रुपये प्रति प्रश्न के साथ लागू सेवा शुल्क भी देय है। यदि दर्ज की गई आपत्ति सही पाई जाती है, तो ऐसी वैध आपत्तियों के एवज् में भुगतान किया गया शुल्क लागू बैंक शुल्क की कटौती के बाद उम्मीदवार को वापस कर दिया जाएगा। यह वापसी (रिफंड) ऑनलाइन आवेदन में शुल्क वापसी के लिए दिए गए बैंक विवरण में की जाएगी।

3. <u>शुल्क भुगतान का माध्यमः</u>

   a. सभी बैंकों के डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड स्वीकार किए जायेंगें।
   b. रूपे कार्ड / यूपीआई स्वीकार किए जायेंगें।
   c. मल्टी-बैंक रिटेल नेट बैंकिंग/मल्टी-बैंक कॉर्पोरेट नेट बैंकिंग स्वीकार किए जायेंगें।
   d. भारतीय स्टेट बैंक की रिटल नेट बैंकिंग/भारतीय स्टेट बैंक की नेट बैंकिंग स्वीकार किए जायेंगें।

4. <u>आपत्तियां दर्ज करने की प्रक्रियाः</u>

   आवश्यक दिशा-निर्देशों के साथ विस्तृत प्रक्रिया आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गय लिंक में उपलब्ध होगी।

5. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि यदि कोई आपत्ति हो, तो वे अंतिम तिथि और समय, यानी 29.03.2026 को 10:00 बजे से पहले ही अपनी आपत्ति (आपत्तियां) दर्ज करा दें; इसके बाद प्रश्नों, विकल्पों, उत्तर-कुंजियों आदि के संबंध में उम्मीदवारों की किसी भी निवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. दर्ज की गई आपत्तियों पर आरआरबी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा, और इस मामले में उम्मीदवारों की ओर से आगे किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक 20.03.2026

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड